डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2019 में 'बाल साहिती' एवं 'पूर्वोत्तरी' कार्यक्रम संपन्न

नई दिल्ली, 9 जनवरी 2019। साहित्य अकादेमी द्वारा आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में अपराह्न 2.00 बजे, हाल सं. 7 के बाल मंडप पर 'बाल साहिती' का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात बाल रचनाकार मधु पंत ने की। कार्यक्रम में रजनीकांत शुक्ल, राजेश जैन एवं श्याम सुशील ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। रजनीकांत शुक्ल ने बच्चों को सफाई के महत्त्व के बारे में एक बाल नाटिका एवं कुछ कविताएँ सुनाईं। श्याम सुशील ने बच्चों को छोटी–छोटी रोचक कविताएँ सुनाईं, जो सरल और सुबोध थीं, साथ ही बच्चों को विभिन्न गुणों के बारे में जानकारी देने वाली भी थीं। राजेश जैन ने बच्चों को 'नैनो जादूगर' शीर्षक की एक बाल कथा सुनाई, जिसे बच्चों ने बेहद पंसद किया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षा मधु पंत ने बच्चों को सामाजिक समरसता का संदेश देती हुई कई कविताएँ सुनाईं, जिन्हें बच्चों ने उनके साथ दोहराया भी। कार्यक्रम का संचालन साहित्य अकादेमी के संपादक अनुपम तिवारी ने किया और सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

आज सायं 5.30 बजे आयोजित एक अन्य कार्यक्रम 'पूर्वोत्तरी' में कमल कुमार तांती (असमिया), माइजली रानी ब्रह्म (बोडो), सेरिङ छोरोल (लद्दाखी), पी. लिङ्थोइंगांबी चानू (मणिपुरी) एवं जोराम यालाम नाबाम (न्यीशी) भाषाओं के रचनाकार अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कश्मीरी लेखक रफ़ीक मसूदी ने की।

10 जनवरी 2019 को 'पठन–पाठन की संस्कृति' विषय पर एक परिचर्चा सायं 4.00 बजे रखी गई है।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in

AUTHOR'S
CORNER
Pragati Maidan, New Delh
Organised by
ीय पुस्तक न्यास, भारत
संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार
nbt.indi
TIONAL BOOK TRUST, INDIA
Human Resource Development, Govt. of India
NEW DELHI
5-13

REFLECTIONS
&
CONVERSATIONS
NEW DELHI
5-13
JANUARY
2019
CORNER
Organised by
NEW DELHI
5-13
JANUARY
2019
WORLD
BOOK FAIR
PRAGATI MAIDAN, NEW DELHI